तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 7.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 15 नवंबर 2025



12 बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर भाजपा का जश्न





12 फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे छात्रों ने दिखाई प्रतिभा




## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में पीओ घोषित गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत पुलिस द्वारा पीओ, बेल जंपर व उद्घोषित आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत पीओ स्टाफ पुलिस की टीम ने मारपीट के मामले में न्यायालय से पीओ घोषित आरोपी गांव बिचपड़ी निवासी गुलाब को गिरफ्तर किया है। थाना शहर प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर 13/17 में आरोपी के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में बीएनएस की धारा 209 के तहत अभियोग दर्ज किया गया था।

### अफीम तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** नशा तस्करी के मामले में आरोपी रामनिवास वासी गांव भरतापुर, यूपी को 1 किलो 06 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। वह मादक पदार्थ बेचने के लिए पालिका विहार गेट के पास खडा है। पुलिस ने आरोपी को काबू कर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से बैग से 1 किलो 06 ग्राम अफीम बरामद की। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### 20 ग्राम हेरोइन और कार सहित दो काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी के सुभाष पार्क के पास से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी खुशपाल सिंह व गगनदीप सिंह को 20 ग्राम हेरोइन व कार सहित काबू किया गया है । आरोपी खुशपाल सिंह को पुलिस ने 2 दिन के रिमांड पर लिया है। दूसरे आरोपी गगनदीप सिंह को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते हैं। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर दोनों आरोपियों को काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपियों से हेरोइन जब्त की गई।

### धोखाधड़ी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी मन्नु ठाकुर को गिरफ्तार किया है। इस मामले पहले गिफ्तार आरोपी मोहम्द राशिद ने बताया था कि मन्नु ठाकुर भी इसमे संलिप्त है। सहारनपुर के राजेश कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जनवरी 2021 से 24 अगस्त 2023 के दौरान आरोपी मोहम्मद राशिद व अन्य ने उसे आयकर विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर बडी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### गुरुकुल कुरुक्षेत्र के निदेशक सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा को आधुनिक शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए एजूकेशन वर्ल्ड द्वारा प्रतिष्ठित परिवर्तनकारी शिक्षाविद् पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान एजूकेशन वर्ल्ड ट्री द्वारा उन्हें (शिक्षक, शोधकर्ता, शिक्षा उद्यमी, शिक्षाविद्) के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ब्लूम एडटेक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दिया गया। तीन दशकों से अधिक की सराहनीय सेवा के साथ एक प्रतिष्ठित सेना अधिकारी, ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार शर्मा ने आई.आई.टी. रुड़की से एम.एस.सी. और आई.आई.टी (आई.एस.एम.) धनबाद से पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की है।

## धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव आज से शुरू

# गीता महोत्सव में देखने को मिलेगा संस्कृति ज्ञान और आध्यात्मिकता का संगम : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस बार 10वां अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में 15 नवंबर से शुरू हो रहा है और 5 दिसंबर तक चलेगा।

पहली बार 21 दिन तक चलने वाले महोत्सव में संस्कृति, ज्ञान और आध्यात्मिकता का अलग ही संगम देखने को मिलेगा। हमारे लिए बड़े ही गर्व और गौरव की बात है कि इस बार 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र 48 कोस की परिधि में फैला है। इस क्षेत्र में अनेक तीर्थ हैं। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा 182 तीर्थों की पहचान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को ब्रह्मसरोवर के श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पत्रकारों को प्रेस वार्ता में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, सांसद नवीन जिंदल, हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा भी मौजूद रहे।

- महोत्सव में 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे शामिल



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### मध्य प्रदेश सहयोगी की भूमिका में रहेगा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस बार अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में मध्यप्रदेश सहयोगी राज्य की भूमिका में रहेगा। मध्यप्रदेश अपनी समृद्ध धार्मिक व आध्यात्मिक संस्कृति के लिए विख्यात है। ऐसे महान सांस्कृतिक परंपराओं वाले राज्य का अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में सहयोगी राज्य बनने से इस महोत्सव की गरिमा और गौरव कई गुणा बढ़ गए हैं। मध्यप्रदेश द्वारा ब्रह्मसरोवर पर स्थित पुरुषोत्तम पुरा बाग में सांस्कृतिक पैवेलियन बनाया जा रहा है। इसमें उनकी संस्कृति, शिल्प, खान-पान इत्यादि से सम्बन्धित स्टाल आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज यहां परम पूज्य गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज भी विराजमान हैं। स्वामी ज्ञानानंद महाराज प्रेम और सद्भाव की प्रतिमूर्ति हैं तथा अपनी सहज, सरल और मधुर वाणी से देश-विदेश में गीता और श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से मानव को आचार, विचार एवं व्यवहार के बारे में सीख दे रहे हैं। इनकी ही प्रेरणा और प्रयासों से मॉरीशस, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और जापान समेत अन्य देशों में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य आयोजन हो चुका है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हमारी धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की इस पावन भूमि को भारतीय संस्कृति की क्रीड़ा स्थली होने का गौरव प्राप्त है। इसी भूमि में पावन सरस्वती के तटों पर वेदों, उपनिषदों और पुराणों की रचना हुई और इसी भूमि को श्रीमद्भगवद्गीता की जन्मस्थली होने का विशेष सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की युद्धभूमि में मोह ग्रस्त अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण के मुखारविंद से श्रीमद्भगवद्गीता का जो शाश्वत उपदेश दिया गया था, इस वर्ष इस उपदेश को दिए हुए 5,163 वर्ष हो जाएंगे।

### वीडियो क्लिप को 1 लाख का पुरस्कार

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि महोत्सव के दौरान सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, हरियाणा द्वारा एक यू-ट्यूब चैनल चलाया जाएगा। इसमें विभिन्न श्रद्धालु श्रीमद्भगवद गीता में मेरा पंसदीदा श्लोक एवं उस श्लोक से उनके जीवन में आए बदलाव पर अपना अनुभव साझा करेंगे। सबसे ज्यादा देखे जाने वाली विडियो क्लिप को महोत्सव के समापन समारोह में 1 लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### 182 तीर्थों पर होगा दीपोत्सव आयोजित

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 1 दिसम्बर 2025 को ही कुरुक्षेत्र भूमि के सभी 182 तीर्थों पर दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। गीता शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसमें नगर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाएं भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि 24 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक प्रतिदिन ब्रह्म सरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में सांयकालीन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम गीता, महाभारत एवं श्रीकृष्ण विषय पर आधारित होंगे।

### 24 नवम्बर को होगा विधिवत शुभारंभ

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 24 नवम्बर को ब्रह्मसरोवर पर गीता यज्ञ एवं पूजन के साथ अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का विधिवत शुभारंभ होगा। इसके साथ ही 24 नवंबर को ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का शुभारम्भ भी किया जाएगा। इस संगोष्ठी में ऑनलाइन माध्यम से भी देश-विदेश के गीता मर्मज्ञ, विद्वान एवं शोधार्थी अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। इस बार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अतिरिक्त एनआईडी, एनआईटी तथा आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा भी 24 नवम्बर से 1 दिसम्बर की अवधि के दौरान अपने-अपने संस्थानों में गीता सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभी विभागों द्वारा अपने स्तर पर गीता पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।*

### 16 देशों के 25 विद्वानों की रहेगी उपस्थिति

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस वर्ष भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी में 16 देशों के 25 विद्वानों की उपस्थिति रहेगी। विदेश मंत्रालय के माध्यम से 51 देशों में गीता महोत्सव के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे, जिनका लाइव प्रसारण रहेगा। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय द्वारा दूसरे देशों में विभिन्न भाषाओं में अनुवाद की गई श्रीमद्भागवत गीता की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। फिजी और त्रिनिदाद एवं टोबेगो से 20 पंडित 2 दिन के लिए कुरुक्षेत्र आ रहे हैं, जोकि महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके अलावा 7 देशों के 25 शिल्पकारों द्वारा अपनी शिल्प का प्रदर्शन महोत्सव के दौरान किया जाएगा।*

### 48 कोस के तीर्थों पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 15 नवम्बर से 5 दिसम्बर 2025 तक ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर भव्य गीता महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 25 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि के तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गीता जयन्ती के दिन 1 दिसम्बर को ज्योतिसर तीर्थ पर गीता यज्ञ, गीता पाठ एवं भगवद कथा का आयोजन होगा। उसी दिन थीम पार्क, कुरुक्षेत्र में 18 हजार विद्यार्थियों द्वारा गीता का वैश्विक पाठ किया जाएगा। इसमें देश-विदेश से लाखों गीता प्रेमी एवं श्रद्धालु ऑनलाइन भी जुड़ेंगे। इसके साथ ही उसी दिन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में 48 कोस तीर्थ सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें कुरुक्षेत्र भूमि के 182 तीर्थ समितियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।*

### बाइक की टक्कर लगने से युवक की मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी पांवटा साहिब हाईवे पर गांव कालेश्वर के नजदीक स्थित चौधरी ढाबे के पास बाइक की टक्कर लगने से एक युवक की एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। प्रताप नगर निवासी देवेंद्र वर्मा ने बताया कि उसका रिश्तेदार मलकीत व दिलीप वीरवार को दोपहर 12 बजे किसी काम से जा रहे थे। जब वह गांव कलेसर के नजदीक चौधरी ढाबे के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही बाइक ने उन दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने मलकीत सिंह को मृत घोषित कर दिया जबकि दिलीप का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

## पुलिस जवान की हत्या में 6 आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला।** शादी समारोह में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस जवान की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने छह आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान यमुनानगर के गांव सुध की माजरी के रहने वाले टिंकू, गौरव, शंटी, विशाल, विकास व मोहित के तौर पर हुई है। आरोपी टिंकू, विकास व मोहित को अदालत ने 1 दिन के रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी गौरव, शंटी, विशाल को अदालत ने न्यायिक हिरासत भेज दिया है। बता दें कि कंबासी गांव के रहने वाले सुन्नदन ने 13 नवंबर 2025 को थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि सिरसगढ में आरोपी टिंकू व अन्य ने उसके भाई अमन कुमार पर हमला कर उसे जख्मी कर दिया था। अमन भी यहां शादी समारोह में हिस्सा लेने आया था। मामूली विवाद को लेकर उसकी आरोपियों से तकरार हो गई थी। इसके बाद आरोपियों ने अमन पर घातक हमला कर उसे जख्मी कर दिया। उपचार के दौरान अमन की मौत हो गई थी। इस सिलसिले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था।

### चौथी क्लास के बच्चे के साथ कुकर्म, केस दर्ज

**कुरुक्षेत्र।** जिले के गांव में दो बच्चों ने चौथी क्लास के बच्चे साथ कुकर्म किया। आरोपी डेढ़ महीने से बच्चे के साथ गलत काम कर रहे थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना सदर पिहोवा में व्यक्ति ने बयान दिए कि उसका 10 साल का नाबालिग बेटा है और चौथी क्लास में पढ़ता है। उसके पड़ोस के रहने वाले 2 लड़कों ने उसके बेटे के साथ गलत काम किया। आरोपी करीब डेढ़ महीने से उसके बेटे के साथ कुकर्म कर रहे थे।

शिकायतकर्ता के मुताबिक आरोपियों ने 25 अक्टूबर को भी उसके बेटे के साथ गंदा काम किया। घटना के बाद से उसका बेटा काफी डरा और सहमा हुआ था, क्योंकि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। घर आकर उसके बेटे ने पूरी बात उनको बताई। शिकायत पर 2 लड़कों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, दोनों आरोपी नाबालिग है।

## युवक की हत्या के आरोप में 4 आरोपी काबू, किशोर ऑब्जर्वेशन होम भेजा

- हत्या में इस्तेमाल हथियारों की रिकवरी के लिए तीन आरोपी एक दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

18 साल के अमानत की हत्या करने के आरोप में चार आरोपियों को पुलिस ने काबू कर लिया है। अब पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। साथ ही हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार भी जब्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

गिरफतार किए गए आरोपियों में गांव लौटों कॉलोनी का केसर , नारायणगढ़ का हनीश शाहपुर शिवांग तथा एक किशोर शामिल है। थाना प्रभारी ललित कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लिया गया जबकि किशोर को ऑब्जर्वेशन होम भेज दिया गया है। बता दें कि 18 वर्षीय गांव बरौली के अमानत की हत्या कुछ युवकों ने उस समय कर दी थी जब वह अपने दो अन्य मित्रों के साथ शादी समारोह लौट रहा था। अचानक उस पर कुछ युवकों ने साजिशन हमला कर दिया था। बुरी तरह जख्मी होने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। बाद में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हमले में अमानत के सहयोगी भी जख्मी हुए हैं। इस मामले में पुलिस ने लगभग आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।



**नारायणगढ़।** गिरफतार युवक पुलिस हिरासत में।

### क्विज प्रतियोगिता में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय रहा प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** भारत विकास परिषद द्वारा भारत को जानो राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा में किया गया, जिसमें विभिन्न जिलों से कुल 57 टीमों ने भाग लिया। गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र से कुल चार विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग में कृतिका एवं विनायक जबकि सीनियर वर्ग में तेजस ढांडा और नवल बंसल ने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। हर्ष का विषय है कि गीता निकेतन अकादमी की जूनियर एवं सीनियर दोनों टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर का नाम गर्व से ऊँचा किया। विजेता टीमों का चयन अब जोनल स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया है।



### विदेश भेजने के नाम पर 12.55 लाख की ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** थाना शहर पुलिस ने उप निरीक्षक राजवीर सिंह के नेतृत्व में विदेश भेजने का झांसा देकर बारह लाख पचपन हजार रुपये की ठगी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में गौरव पुत्र जसवंत निवासी पोंटासाहिब, हिमाचल, हरप्रीत पुत्र अमर सिंह निवासी पंजाब तथा मेहनाज पत्नी हरप्रीत सिंह निवासी पंजाब शामिल हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपियों ने दो लड़कों को विदेश भेजने का वादा कर उक्त धनराशि हड़प ली। पुलिस पहले ही दो आरोपियों हरपुनीत उर्फ जोली और लोकेश को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



### विभागीय लापहरवाही उजागर, स्वास्थ्य विभाग ने लिए 11 लोगों के ब्लड सैंपल

# अंबाला : एक ही गली में मिले पीलिया रोग के छह मरीज

- टीम ने लोगों के घरों में आने वाले पानी के सैंपल एकत्र किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

वार्ड नंबर 16 में नगरपालिका और स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां की एक ही गली में अचानक पीलिया के छह मरीज मिलने से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। मामले की जानकारी मिलते ही नपा सदस्य गुरजिंदर कौर तुरंत मौके पर पहुंची।

नगरपालिका तथा स्वास्थ्य विभाग को स्थिति से अवगत कराया। सूचना मिलते ही संबंधित विभागों की टीमें वार्ड 16 में मौके पर पहुंचीं और लोगों के घरों में आने वाले पानी के सैंपल एकत्र किए। टीम ने पानी की सप्लाई की लाइन और सीवरेज व्यवस्था की भी गहन जांच की ताकि बीमारी फैलने के संभावित कारणों का पता लगाया जा सके। इलाके के लोग पिछले कई दिनों से पानी के दूषित होने की शिकायत कर रहे थे लेकिन विभाग ने समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि अब एक ही गली से छह मरीजों के सामने आने से साफ है कि पानी की सप्लाई में गड़बड़ी गंभीर स्तर पर है। जब नपा सदस्य गुरजिंदर को इस मामले का पता चला तो उन्होंने इसकी शिकायत आगे की। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पानी की जांच रिपोर्ट जल्द सार्वजनिक की जाए तथा जरूरत पड़ने पर पूरे क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से साफ पेयजल उपलब्ध कराया जाए, ताकि बीमारी के और फैलाव को रोका जा सके।



**बराड़ा।** स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए विभाग के कर्मचारी। **फोटो : हरिभूमि**

### इन लोगों के लिए गए सैंपल

जिन लोगों के सैंपल लिए गए उनमें मनप्रीत कौर 18 वर्ष, सुरजीत कौर 70 वर्ष, अवनीत कौर 15 वर्ष, कुलवंत सिंह 72 वर्ष, गुरमीत कौर 65 वर्ष, परमजीत कौर 47 वर्ष, चरणजीत कौर 65 वर्ष, मुख्तियार सिंह 84 वर्ष, शिव चासन 54 वर्ष, हरविंदर सिंह 75 वर्ष, दया रानी 50 वर्ष का नाम शामिल है। कुल 11 लोगों के सैंपल लिए गए है। लोग नगरपालिका और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण हुई क्षति के कारण खासे नाराज दिखे और जब टीम निरीक्षण करने मोहल्ले में पहुंची तो स्थानीय लोगों ने टीम के लोगों को आड़े हाथों लिया और खूब खरी - खरी सुनाई।

### नशीले इंजेक्शन की खेप के साथ दो पकड़े

**पानीपत।** पुलिस टीम ने गांव कैथ के अड्डे पर दो युवकों हरकेश उर्फ काला पुत्र सुरेंद्र व देवेंद्र उर्फ देवा पुत्र सुरेश निवासी गांव बुटाना जिला सोनीपत को नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 460 नशीले प्रतिबंधित पेंटाजोसिन लैक्टेट इंजेक्शन बरामद हुए है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी हरकेश गोहाना में मेडिकल स्टोर पर काम करता है। स्टोर संचालक नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन बेचने का अवैध काम करता है। वह स्टोर संचालक से प्रतिबंधित इंजेक्शन लेकर कमीशन पर बेच देता है। आरोपी हरकेश ने कुछ दिन पहले साथी आरोपी देवेंद्र को प्रतिबंधित इंजेक्शन बेचने बारे बताया। इसके बाद दोनों साथ मिलकर कमीशन पर नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन बेचने लगे।

## जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने की सख्त कार्रवाई

# अनाधिकृत कॉलोनी में अवैध निर्माण को जेसीबी से तोड़ा

**जगाधरी के नियंत्रित क्षेत्र में विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी पर विभाग की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जगाधरी के नियंत्रित क्षेत्र में विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी में किए जा रहे निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से तोड़ दिया। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात रहा। जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने जिलेवासियों से अपनी मेहनत से कमाई हुई पूंजी को अनाधिकृत कॉलोनियों में निवेश नहीं करने के लिए आह्वान किया है। जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि जगाधरी के राजस्व मौजा के अनियंत्रित एरिया में करीब तीन एकड़ में एक अनाधिकृत कॉलोनी विकसित की जा रही सूचना मिलने पर उन्होंने मामले के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगाधरी के के नायब तहसीलदार को ड्यूटी मेजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किया गया। इसके बाद वह अपने स्टाफ सदस्यों कनिष्ठ अभियंता सागर व क्षेत्रान्वेषक रवि के साथ ड्यूटी मेजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मौके पर पहुंचे। इस दौरान करीब तीन एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी में बनाई गई नींवों समेत अन्य निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन द्वारा तोड़ फोड़ कर नष्ट कर दिया गया।



यमुनानगर। जगाधरी में नियंत्रित एरिया में विकसित की गई अवैध कॉलोनी में चलता हुआ नगर योजनाकार विभाग का पीला पंजा।

### विभागीय नोटिस की पालना नहीं करने पर कार्रवाई

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि चूककर्ताओं को अर्बन एरिया एक्ट 8 ऑफ 1975 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर नोटिस मिलने के बाद भी चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई। इस दौरान भू मालिकों आदि द्वारा अवैध कॉलोनी व निर्माण की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं लेने के कारण इस अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण कार्य में तोड़ फोड़ की कार्रवाई की गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने सभी जनसाधारण से किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न किए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा तथा जिला प्रशासन द्वारा उसके विरुद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कार्रवाई करेगा।

## हर घर छत योजना गरीबों के लिए वरदान : राणा



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित हर घर छत कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यातिथि एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जिला में चलाई जा रही हर घर छत योजना गरीब व्यक्तियों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने उक्त शब्द जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में आयोजित हर घर छत कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कहे। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा मौजूद रहे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय औद्योगिक इकाइयों के सहयोग से सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत गरीब परिवारों को मकान की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु चलाई जा रही हर घर छत योजना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हर घर छत योजना गरीब व्यक्तियों के लिए वरदान साबित होगी। जिला प्रशासन व सीएसआर द्वारा समाज सेवा में किए जा रहे कार्य बहुत ही सराहनीय कदम हैं। इस योजना का मुख्य उदेश्य हर घर छत के माध्यम से गरीब व्यक्ति को तुरन्त लाभ दिया जाना है।

### कोई भी पात्र व्यक्ति न रहे वंचित

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हर घर छत योजना के तहत कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे। उन्होंने प्रशासन के अधिकारियों को सुझाव दिया कि वे हर घर छत के तहत पात्र व्यक्तियों के बरसात के समय मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। उन घरों में अच्छी तरह से कार्य करें। मौके पर विशिष्ठ अतिथि एवं सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने उपायुक्त पार्थ गुप्ता व औद्योगिक इकाइयों के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। मौके पर पात्र व्यक्ति को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, बीडीपीओ जगाधरी दीपांशु जिंदल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### मुकंद लाल स्कूल में बच्चों ने बनाए व्यंजन

**रादौर।** मुकंद लाल सीनियर सेकंडरी स्कूल रादौर में शुक्रवार को बाल दिवस के मौके पर विभिन्न एक्टिविटी करवाई गई। इस एक्टिविटी में कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चों को कुकिंग विदाउट फायर एक्टिविटी करवाई गई। कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद गोवर विशेष रूप से उपस्थित हुए। प्रिंसिपल ने बताया कि इस एक्टिविटी में बच्चों ने अलग अलग व्यंजन को बहुत ही अच्छे तरीके से बनाया और उन्हें प्रस्तुत किया। इसी तरह से कक्षा आठवीं से लेकर 12वीं तक के बच्चों की खेल गतिविधियां करवाई गई। रस्सा कसी के खेल में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रातरू कालीन प्रार्थना सभा में स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद ग्रोवर द्वारा सभी बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी गई। अध्यापकों द्वारा बच्चों को समोसा पार्टी भी दी गई। जिसका बच्चों ने खूब आनंद उठाया। प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों को बड़ों का सम्मान करने, अपने माता-पिता का सम्मान करने, एवं अपने अंदर अच्छे गुना का समावेश करने के लिए प्रेरित किया गया।



### आज के दौर में परीक्षाओं का महत्वपूर्ण भाग है लॉजिकल रिजनिंग : डॉ. शर्मा

**रादौर।** मुकंद लाल नैशनल कॉलेज में रादौर में शुक्रवार को लॉजिकल रीजनिंग को लेकउ एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जेएमआईटी की मुख्य प्रवक्ता प्रो. दिशा मुख्यरूप से उपस्थित हुई। मुख्य अतिथि प्रो. दिशा ने कार्यक्रम में मैजूद विद्यार्थियों को लॉजिकल रीजनिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे हम विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लॉजिकल रीजनिंग से आने वाले प्रश्नों को हल कर सकते हैं। मौके पर कॉलेज की प्राचार्य डा. माला शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया । प्राचार्य डा. माला शर्मा ने लॉजिकल रीजनिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लॉजिकल रीजनिंग आज के दौर में होने वाली सभी परीक्षाओं का एक महत्वपूर्ण भाग है। जिसे सीख कर विद्यार्थी अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकते हैं। इस व्याख्यान में कॉलेज के अधिकतर विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** प्रताप नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को अगवा कर लिया। पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार प्रताप नगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी लड़की 12 नवंबर को गांव देवधर में किसी काम से गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को अविनाश नाम का युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। उसने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



### शिविर में की बच्चों के दांतों की जांच

**रादौर।** रादौर क्षेत्र के सरस्वती मेहता पब्लिक स्कूल खेड़ी लक्खा सिंह में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दंत चिकित्सकों द्वारा सैंकड़ो बच्चों के दांतो की जांच की। स्कूल प्रबंधक कपिल मेहता ने शिविर का दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ किया।

स्कूल प्रबंधक कपिल मेहता ने बताया कि निःशुल्क दंत चिकित्सक डॉ. भुवन व डॉ. मनीष ने सैंकड़ों बच्चों के दांतो की जांच कर उन्हें बीमारियों से बचाव के लिए विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों ने बच्चों को दांतों को साफ रखने के तरीके बताए। मौके पर डॉ. भुवन ने बच्चों को दिन में दो बार ब्रश करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से डेंटल हेल्थ के बारे में कई सवाल पूछे। जिनका बच्चों ने उनका बढ़ चढ़ कर जवाब दिया। डॉ. भुवन ने बताया कि जांच के दौरान कई बच्चों के दांतो में कीड़े मिले। जिनका उपचार किया गया और उन्हें अपने दांत साफ रखने के सुझाव भी दिए। डॉ. मनीष ने भी बच्चों को हाथ धोने के टिप्स दिए। उन्होंने बच्चों को बाहर के भोजन से भी अवगत करवाया कि वह हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक होता है। स्कूल प्रबंधक कपिल मेहता ने डॉ. भुवन व डॉ. मनीष को स्कूल में आयोजित शिविर में भाग लेकर बच्चों के दांतो की जांच करने के लिए आभार व्यक्त किया।



यमुनानगर। व्यासपुर में उपमंडल अधिकारी के कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए एसडीएम जसपाल सिंह गिल।

### शहीदी दिवस की तैयारियों की समीक्षा की

**यमुनानगर।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के आगामी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर व्यासपुर के उपमंडल अधिकारी कार्यालय में उपमंडलस्तरीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी जसपाल सिंह गिल ने की। गिल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी तैयारियां समयबद्ध एवं समन्वित रूप से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों की मरम्मत एवं रखरखाव तत्काल पूरा किए जाने और यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सभी गड्ढों एवं असमान सतहों को ठीक किए जाने के निर्देश दिए। नगर पालिका साढौरा को कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण सफाई, फागिंग, अपशिष्ट निपटान और स्ट्रीट लाइटों की जांच एवं मरम्मत करने के निर्देश दिए गए।

### बस स्टैंड पर युवती के पर्स से मोबाइल चोरी

**यमुनानगर।** यमुनानगर बस स्टैंड पर बस के इंतजार में खड़ी युवती के पर्स से अज्ञात ने मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की टैगोर गार्डन निवासी सलोनी शर्मा ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 13 नवंबर को दोपहर ढाई बजे यमुनानगर बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही थी। इस दौरान उसने अपना मोबाइल पर्स में रखा हुआ था। कुछ देर बाद जब वह फोन करने के लिए पर्स से मोबाइल निकालने लगी तो पर्स में मोबाइल गायब मिला। उसने मोबाइल की काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला।

## वंदे मातरम से हमें भारतवर्ष के अतीत के गौरव का होता है बोध : डॉ. सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

शहर के ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय के तत्वाधान में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डा. एसके सिंह मौजूद रहे। प्राचार्य डा. एसके सिंह जानकारी देते हुए बताया कि वंदे मातरम भारतवर्ष का राष्ट्रीय गीत है। इस गीत को हर युवा को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि इस गीत के माध्यम से हमें अपने भारतवर्ष के अतीत के गौरव, संपन्नता एवं महानता का बोध होता है। प्रो. संजीव गांधी ने वंदे मातरम के महत्व बारे विस्तार से अवगत करवाया। बीसीए तृतीय वर्ष की छात्रा बलप्रीत कौर ने वंदे मातरम गीत के माध्यम से छात्र-छात्राओं में देशभक्ति भावना को दृढ़ किया। बीए प्रथम वर्ष के छात्र शुभम ने इस कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को रोचक बनाया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



रादौर। शहर के सरकारी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देती मुख्य वक्ता।

### दो भाइयों को गंड़ासियों से घायल किया

**यमुनानगर।** जसवंत कॉलोनी में कहासुनी होने पर चार युवकों ने दो भाइयों पर गंड़ासियों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। शहर की जसवंत कॉलोनी निवासी आशिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका तथा उसके भाई नईम का कुछ दिन पहले अमजद, मोहन, विशाल व प्रिंस के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसके बाद से आरोपी उन दोनों से रंजिश रखने लगे। आशिक ने बताया कि नौ नवंबर को रात साढ़े 10 बजे वह तथा उसका भाई नईम कॉलोनी के ही सरकारी ट्यूबवेल के पास किसी काम से गए थे। जहां पर चारों आरोपियों ने उन दोनों भाइयों पर गंडासियों ने हमला कर दिया।

## खेलों से बढ़ता है आत्मविश्वास : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में चल रही दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिताओं का शुक्रवार को जोश और उल्लास के साथ समापन हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमन कुमार शर्मा मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मौके पर मौजूद कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और उनके उत्साह की सराहना की। रिंग ग्रेस पिरामिड रेस बॉल बैलेंसिंग रेस, रिंग बैलेंसिंग रेस, मैट्रेस कार्डबोर्ड रेस, रेस विद प्रॉप्स, मंकी रेस जैसी मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गई। कक्षा नर्सरी से लविका कांबोज, फ्रेयल, समर, जस्वी, तवनूर, विधि, गुरबाणी, शिवाय, जसकीरत, अवनी, देवयानी, यश्विन, माहिर, हरगुण, अदिति, भव्या, वंशए, कियान्श, गर्वित, दिव्यांश, धुरव, माधवी, नव्या, काशी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कक्षा एलकेजी से विधि, युदित, अशवि, पावनी, समृद्धि, सानवी, प्रांशुल, हरनिक, अविजोत, अक्षित, पार्थ, भव्या, सीरत, रेयान्श, वेदांश, ख़्वाहिश, यशप्रीत, कनिश, यशस्वी, जीवांश, कुश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी से भूवेनए, पूरव, प्रथमेश, अनेक सिंह, प्रिशा, चैतन्य, वान्या, तविष, हर्षित, शौर्या, गौरी, आरोही, अबीर, हार्दिक, अव्या, दिव्यम, प्रभगुण, अक्षजोत, हेमाक्शी, जसजोत, शिव, प्रियांश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा पहली से अम्बर, वैश्वी, रिदम, रेयांशु, गुरबाणी, सीजा, योगित, शगुन, रूहानिका, पलक, नक्षिता, नव्या, परम, त्रिशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा दूसरी के मनकीरत, नमित, परिन, हरितिका, गौरीश, विहान, मनन, गुरनवरत, जीवांश, वासु, यश्वी प्रथम रही।



रादौर। डीएवी स्कूल रादौर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

## पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली के लिए हेल्प डेस्क बनाए : गुप्ता

- तहसीलों में रजिस्ट्री का कार्य अब पूरी तरह डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली पूर्ण रूप से गत एक नवंबर से क्रियाशील हो चुकी है। आधुनिक व्यवस्था के तहत यमुनानगर जिले की सभी तहसीलों और उप तहसीलों में रजिस्ट्री का कार्य अब पूरी तरह डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिले के सभी तहसील व उपतहसीलों में 50 सेल डीड, 21 ट्रांसफर डीड, एक मोर्टगेज, 8 बिल, एक जीपीए व एक एग्रीमेंट को डिजिटल पेपरलेस रजिस्ट्रेशन के माध्यम से किया गया है। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक तहसील और उप तहसील कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। ताकि किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। इसके अलावा टोल फ्री नंबर पर संपर्क करके शिकायत करा सकते हैं।



उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

### धुंध में खराब वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाएंगी राइडर

## पुलिस अधीक्षक ने 10 राइडर बाइकों को किया रवाना

**वायरलेस सेट, रिफ्लेक्टर जैकेट, बार लाइटें तथा अन्य उपकरणों से लैस किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

धुंध के मौसम में सड़कों पर खराब हुए वाहनों को राइडर बाइक सुरक्षित स्थान पर पहुंचाएंगी। सभी राइडर बाइकों को वायरलेस सेट, रिफ्लेक्टर जैकेट, बार लाइटें तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों से लैस किया गया है। जिससे वह अंधेरे और कोहरे में भी दूर से दिखाई दे सकें। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने 10 राइडर बाइकों को वीरवार को हरी झंडी देकर विभिन्न रूटों पर रवाना किया।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में राइडर बाइकों को रवाना करते पुलिस अधीक्षक।

### खराब वाहनों का करेंगे प्रबंधन

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है और इसके साथ ही सड़कों पर घना कोहरा भी दिखाई देने लगा है। कोहरे के कारण सड़क पर दृश्यता बेहद कम हो जाती है। जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं कई गुना बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि बड़े वाहन चलते-चलते अचानक खराब हो जाते हैं और सड़क के बीचों बीच खड़े हो जाते हैं। ऐसे समय पर पीछे से आने वाले वाहन चालकों को खराब वाहन दिखाई नहीं देता और उनका वाहन सीधे उस रुके हुए बड़े वाहन के नीचे घुस जाता है। इसी जोखिम को ध्यान में रखते हुए राइडर टीमों को जिम्मेदारी दी गई है कि वह सक्रिय रहकर किसी भी खराब वाहन की स्थिति में तुरंत सुरक्षा प्रबंधन करें। सभी राइडर बाइकों को वायरलेस सेट, रिफ्लेक्टर जैकेट, बार लाइटें तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों से लैस किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी राइडरों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि यदि सड़क पर कहीं कोई वाहन खराब मिलता है, तो वे तुरंत उस वाहन के पीछे सुरक्षा ट्रायंगल लगाकर वहां मौजूद रहेंगे। जब तक कि वाहन को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर नहीं पहुंचा दिया जाता या वह सही न हो जाए।

## बच्चों में छिपी प्रतिभा को सामने लाकर निखारने की है जरूरत : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमेन जीएस शर्मा ने किया। स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएसशर्मा ने कहा कि बच्चों में किसी भी प्रकार से प्रतिभा की कमी नहीं होती है। बल्कि उनमें छिपी प्रतिभा को सामने लाकर निखारने की आवश्यकता होती है। खेलों के दौरान नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के लिए दौड़ प्रतियोगिताएं करवाई गई। अहाना, सृष्टि, जसदीप, रौनक, अर्शदीप, मिष्टी, मनकीरत, जानवी, शिवांश, मायरा, जिया, कांशा, जसप्रीत, सोनाक्षी, प्रतीक, हितांशी, अनवी, अनुषा, आलिया व शिवांश आदि ने बाल दिवस पर कविताएं प्रस्तुत कर अपने विचार रखे। नर्सरी की जरीन, हरनीत, अंशुमन, एल केजी के माधव, विवान, मनकीरत, केजी कक्षा के नक्ष, कायरव, हितेश, अमन, सोनाक्षी, पहली कक्षा के तेजस, हरमन कौर, तलहा, बुशरा, हरमन सिंह, दूसरी कक्षा के कुश, अनवी, गर्व व तीसरी की रिधिमा, पार्थ, चित सरूप, मान्या, अनन्या, सैफ और चौथी कक्षा के आशीष, अमनदीप, पल्लवी, सहद, पांचवीं के जसप्रीत, श्रेया व कृष्णा ने दौड़ों में अव्वल स्थान हासिल किए।



यमुनानगर। न्यू हैप्पी स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चे।

## राज्यपाल असीम कुमार घोष आज करेंगे शिल्प और सरस मेले का शुभारम्भ

# ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर अब देखने को मिलेगा देश की सांस्कृतिक विरासत का संगम

### सरस मेले में 19 राज्यों के 100 और हरियाणा के 22 जिलों के शिल्पी लगाएंगे स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार ने कहा कि ब्रहासरोवर के पावन तट पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश की सांस्कृतिक विरासत को देखने का अनोखा अवसर मिलेगा। इस अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों के शिल्पकार अपनी शिल्प कला के साथ धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र में पहुंच चुके हैं। इस शिल्प और सरस मेले का शुभारम्भ 15 नवंबर को राज्यपाल असीम कुमार घोष करेंगे। इसके साथ ही राज्यपाल केडीबी की तरफ से बनाए गए मीडिया सेंटर का भी उद्घाटन करेंगे। अहम पहलू यह है कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में शिल्प और सरस मेला 15 नवम्बर से लेकर 5 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां केडीबी के द्वारा पूरी कर ली गई हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के मेले का शुभारम्भ 15 नवम्बर से होने जा रहा है। इस मेले में देशभर के शिल्पकार पहुंच चुके है और अपनी शिल्पकला को ब्रहासरोवर की सदरियों में सजा रहे हैं। यह शिल्पकला अपने आप में एक अनूठी कला है जो पर्यटकों को इस बार 21 दिन अपनी तरफ आकर्षित करेगी। इस पर देश के पर्यटक साल भर इन शिल्पकारों का इंतजार करते हैं। इस शिल्प मेले में एनजैडसीसी की तरफ से देशभर के शिल्पकारों को आमंत्रित किया गया है। इन शिल्पकारों में राष्ट्रीय अवार्डी, राज्य अवार्डी और अन्य राज्यों के मैरिट प्रमाण पत्र हासिल करने वाले शिल्पकार पहुंचेंगे। इन कलाकारों के ठहरने, खाने की व्यवस्था कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से की गई है और ब्रह्मसरोवर की सदरियों में इन शिल्पकारों को स्थान दिया जाएगा। इसके साथ ही डीआरडीए की तरफ से 19 राज्यों के सैल्प हैल्प ग्रुप और बेहतरीन शिल्पकारों को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही हरियाणा के 22 जिलों के शिल्पकार सरस मेले में अपनी शिल्पकला का प्रदर्शन करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि एनजैडसीसी की तरफ से 15 नवंबर से लेकर 5 दिसंबर 2025 तक ब्रह्मसरोवर के घाटों पर पर्यटकों और दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ-साथ अपने-अपने राज्यों की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू करवाने के लिए कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। यह कलाकार ब्रह्मसरोवर की अलग-अलग दिशाओं में बने घाटों के साथ-साथ ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ दशर्कों के बीच अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही निर्धारित शेड्यूल के अनुसार पुरुषोत्तमपुरा बाग के मुख्य मंच पर दिन और रात्रि के समय भी अपना प्रदर्शन करेंगे।




**खास बातें**

- शिल्प और सरस मेले का शुभारम्भ 15 नवंबर को राज्यपाल असीम कुमार घोष करेंगे।
- अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में शिल्प और सरस मेला 15 नवम्बर से लेकर 5 दिसंबर 2025 तक चलेगा।

### कलाकारों की होगी प्रस्तुति

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बातचीत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में देश के जाने माने कलाकारों को आमंत्रित करने की जिम्मेवारी उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला और हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग चंडीगढ को सौंपी गई है। इन विभागों द्वारा 24 नवंबर से 1 दिसंबर से तक चलने वाले मुख्य कार्यक्रमों में प्रस्तुति दी जानी है इसके लिए बकायदा रोस्टर शेड्यूल भी तैयार किया गया है। इस शैडयूल के अनुसार 25, 26 व 30 नवंबर को एनजैडसीसी और 24, 27, 28, 29 व 1 दिसंबर को हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के माध्यम से प्रस्तुतियां होंगी।

### गीता सद्भावना यात्रा निकाल कर दिया श्रीमद भगवद गीता और गीता जयंती का संदेश

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि कुरुक्षेत्र धाम की सभी धार्मिक, सामाजिक संस्थाएं, संगठन और पूज्य संत एकत्रित होकर सद्भावना के साथ सद्भावना का संदेश लेकर नगर यात्रा के रूप में श्रीमद् भगवद गीता और गीता जयंती का संदेश देने के लिए निकाली गई है। उन्होंने कहा कि श्रीमद भगवद गीता के उपदेश स्थल और विश्व में एकमात्र ग्रंथ गीता है, जिसकी जयंती विश्व स्तर पर मनाई जाती है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज शुक्रवार को ब्रह्मसरोवर के उत्तरी द्वार से पर आयोजित गीता सद्भावना यात्रा को संबोधित कर रहे थे। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने मंत्र उच्चारण के साथ हरी झंडी देकर गीता सद्भावना यात्रा को शहर के लिए रवाना किया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि श्रीमद्भगवद गीता की एक बार फिर गीता जयंती उत्सव प्रारंभ होने जा रही है। इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के विधिवत उद्घाटन 15 नवम्बर से प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि यह गीता सद्भावना यात्रा अनेक संस्थाओं के सौजन्य से अपने भारतीयता राष्ट्रीयता, सनातन गौरव और श्रीमद् भागवत गीता के भाव का संदेश नागरिकों को पहुंच रही है। इस सद्भावना यात्रा में गौ माता के भाव और हमारे पूज्य संतजनों का आशीर्वाद साथ में है। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, केडीबी सीईओ



पंकज सेतिया, चेयरमैन धर्मवीर सिंह मिजार्पुर, जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गोल्डी, बंसीपुरी महाराज, शिवपुरी महाराज, सतपाल महाराज, संपूणार्नंद महाराज, लक्ष्मी नारायणपुरी, वंदना गोरी, गुरनाम सैनी, डॉ. प्रीतम सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### स्टॉलों के लिए देश के विभिन्न राज्यों से 987 आवेदकों ने किया आवेदन, 273 हुए रिजेक्ट

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में देश के विभिन्न राज्यों से शिल्पकारों सहित अन्य लोगों ने ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से स्टॉल लेने के लिए आवेदन किए। इस बार शिल्पकारों की सुविधा को देखते हुए केडीबी की तरफ से स्टॉल आवंटन के लिए पोर्टल तैयार किया गया। इस पोर्टल पर 987 लोगों ने आवेदन किया और इनमें से 635 आवेदन स्वीकार किए गए है और 273 आवेदकों को रिजेक्ट किया गया। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से इस बार स्टॉलों का आवंटन करने के लिए ऑनलाइन प्रणाली को अपनाया गया और सारा कार्य ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से किया गया। सभी आवेदकों ने ऑन लाइन प्रणाली से आवेदन किया और ऑनलाइन प्रणाली पर ही परिणाम जारी किया गया। किसी भी आवेदक को रत्ती भर भी परेशानी नहीं आने दी और आवेदकों ने ऑन लाइन प्रणाली से ही स्टॉल का निधारित मूल्य जमा करवाया। समाजसेवी संस्थाओं के लिए 157 आवेदन आए और 80 समाजसेवी संस्थाओं को स्टॉल आवंटित किए गए। यह स्टॉल निशुल्क दिए गए है। इसके बाद रिफ्रेशमेंट के लिए 88 आवेदनों में से 25 को रिफ्रेशमेंट के स्टॉल आवंटित किए गए है। इन स्टॉल के लिए लोकेशन के अनुसार 30 हजार रुपए से लेकर 50 हजार रुपए का रेट रखा गया है। कार्मिशियल ऑक्शन नीलामी स्टॉल के लिए 71 आवेदन प्राप्त हुए इनमें से 40 को स्टॉल आवंटित किए गए है। इसके लिए छोटी दुकानदारों के लिए 60 हजार रुपए और बड़ी दुकानों के लिए 1 लाख रुपए का रेट रखा गया है। उन्होंने कहा कि कुछ स्टॉल लक्की ड्रा के माध्यम से निकाले गए, इसके लिए 30 हजार रुपए की राशि तय की गई थी। इस लक्की ड्रा के लिए 375 लोगों ने आवेदन किया था और 80 लोगों को स्टॉल आबंटित किए गए है।

### गीता रन 16 को

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर होने वाली गीता रन अब तक हुई सभी प्रतियोगिताओं का रिकॉर्ड तोडकर नया रिकॉर्ड कायम करेगी। ये प्रतियोगिता 16 नवंबर 2025 को सुबह 6 बजे गीता रन 2025 के रूप में आयोजित की जाएगी। ये इस गीता रन में कुरुक्षेत्र व आसपास के जिलों से हजारों युवा हिस्सा लेंगे, इनमें खिलाड़ी, विद्यार्थी, एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स, युवाओं सहित हर वर्ग के व्यक्ति शामिल होंगे। गीता रन को आयोजन ब्रह्मसरोवर के पुरुतोषमपुरा बाग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गीता रन 15 नवंबर से शुरू हो रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका अदा करेगी। गीता रन का आयोजन 4 ग्रुपों में करवाया जाएगा। इनमें पुरुष वर्ग के लिए 10 किलोमीटर, महिला वर्ग, सीनियर सिटीजन महिला व पुरुष वर्ग के लिए 5-5 किलोमीटर की दौड़ होगी। प्रत्येक ग्रुप में टॉप आने वालों के लिए इनाम भी तय किए गए हैं।

**खबर संक्षेप**

### निःशुल्क मधुमेह जांच एवं जागरूकता शिविर लगाया

**शाहबाद।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा सिद्धार्थ हॉस्पिटल में एक निशुल्क मधुमेह जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 162 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस अवसर पर डिस्कवरी मैनकाइंड वर्ल्ड डायबिटीज कैंप की टीम द्वारा चैकअप किए गए। प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. डॉ. दीपक शर्मा तथा डॉ अंजली शर्मा ने उपस्थित मरीजों को मधुमेह के लक्षण, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच की महत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### एनडीए की एकतरफा जीत पर मनाया जश्न

**शाहबाद।** बिहार में एन.डी.ए. की पूर्ण बहुमत और एक तरफ जीत का जश्न शाहाबाद के विश्रामगृह में धूमधाम से मनाया गया। भाजपा नेता सुभाष कलसाना के नेतृत्व में विश्राम गृह में समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी और ढोल नगाड़ों की थाप पर भाजपा कार्यकत्राओं ने जमकर नृत्य किया। कार्यकतार्ओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता सुभाष कलसाना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व की खुलकर सराहना की।

## नवयुग स्कूल में मनाया बाल दिवस

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा तथा स्टाफ के सदस्यों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से पंचम तक के विद्यार्थियों के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें भाग लेकर विद्यार्थियों ने बहुत आनंद लिया ।कक्षा षष्ठम से द्वादश के विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा खोज (टैलेंट हंट)का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने नृत्य,गायन,वादन,अनुकरण, मूकअभिनय में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सभी विद्यार्थियों के लिए चाचा नेहरू जी के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया जिसमें भाग लेकर विद्यार्थियों ने अपनी बुद्धिमत्ता का लोहा मनवाया। अध्यापिका आशा ने विद्यार्थियों को नेहरू जी के जीवन के



बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य अध्यापिका रिहाना तथा वंशिका गिरधर(हैड गर्ल) एवं वंशिका रानी ( डिप्टी हैड गर्ल) ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं और उन्हें प्यार, देखभाल और मार्गदर्शन के साथ पोषित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक श्री विकास गाबा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका मंजीत, सीमा, नीतू, नैंसी, परमज्योति, हरिंदर, कल्पना, पूनम, रिहाना, अंजलि,कोमल,रजनी, मोनिका, प्रियंका, स्नेह, तिलेशा, गीता, रीमा आदि रहे।

## एसजीएमपी स्कूल लाडवा में बाल दिवस पर बच्चों के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन

लाडवा। संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा का भीम स्टेडियम बाल दिवस के अवसर पर नन्हें-मुन्ने बच्चों के लिए ऊजार्वान और मनोरंजक कार्यक्रमों से गुलजार रहा। इन कार्यक्रमों में नर्सरी से पहली कक्षा तक के बच्चों के लिए मेंढक दौड़, अंगूठी दौड़ और फल-सब्जी परेड, तथा दूसरी से



लाडवा। संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बालदिवस मानते नन्हे मुन्ने बच्चे व उपस्थित स्कूल स्टाफ।

पाँचवीं कक्षा तक के लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए तीन-पैर दौड़, उलटी दौड़, एक-पैर दौड़, चम्मच और आलू दौड़ शामिल थीं। इन कार्यक्रमों का उद्घाटन स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने किया। प्री-प्राइमरी कक्षाओं के छात्रों ने आकर्षक साज-सज्जा में सब्जियों और फलों के मुकुट पहनकर शानदार मार्चपास्ट प्रस्तुत किया और अतिथियों का अभिवादन किया। स्कूल के प्रधान पवन गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और विजेताओं को पदक प्रदान कर सम्मानित किया। सरोज सैनी, अनुराधा गुप्ता, कंवलजीत कौर, राजवंत कौर और अन्य शिक्षकों ने इन सभी गतिविधियों के सुचारू संचालन में सहयोग किया।

**रोज मिडल स्कूल बोधनी में बाल दिवस धूमधाम से मनाया: पिहोवा।** रोज मिडल स्कूल बोधनी में बाल दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई नेहरू की जयंती

**कुरुक्षेत्र।** जिला कांग्रेस पार्टी के द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, शाहाबाद विधायक रामकरण काला के इलावा सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने पुष्प अर्पित किए। थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि पंडित नेहरू के नेतृत्व में भारत ने विभाजन के बाद के कठिन समय को पार किया और आधुनिक भारत की नींव रखी देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कई वर्ष जेल में बिताया एवं आजादी के बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री का दायित्व संभाला। उस समय देश की आर्थिक स्थिति खराब थी चुनौती बहुत थी राजनीति में उथल पुथल की स्थिति थी। कई रियासतों में देश बंटा हुआ था लेकिन सूझ बूझ से सभी रियासतों को हिंदुस्तान की मुख्य धारा के साथ जोड़ने का कार्य किया। इस अवसर थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, शाहबाद विधायक रामकरण काला, मेहर सिंह रामगढ़, विवेक भारद्वाज डब्बू, विकास कुमार, ओम प्रकाश सिरोहा, जगत सैनी, संजीव भूखड़ी, आर के नैन, पवन चौधरी, ओम प्रकाश कश्यप, रणदीप राणा, सुभाष मिजापुर, अशोक शर्मा, वीरेंद्र रोहिला, नरेश भांगड़, रणदीप राणा, विपिन गर्ग, हंसराज, ओम सिंह अशफाक, बलदेव बजाज, जयपाल, जसबीर आदि रहे।



## रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवाः डॉ. वीरेन्द्र पाल

- प्रेस डे के उपलक्ष्य में यूनिवर्सिटी प्रेस में रक्तदान शिविर, 25 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में मुद्रण एवं प्रकाशन विभाग यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा प्रेस डे के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन यूनिवर्सिटी प्रेस परिसर में किया गया। शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस अवसर पर कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है और विश्वविद्यालय परिवार निरंतर सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कुंटिया प्रधान राजवंत कौर ने कहा कि प्रेस डे पर किया गया यह रक्तदान शिविर समाज सेवा की सच्ची भावना का प्रतीक है और ऐसे प्रयास अन्य संस्थानों के लिए भी प्रेरणादायक हैं। सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेश प्रवक्ता तरूण वधवा ने कहा कि रक्तदान जैसे पवित्र कार्य से कई जीवन बचाए जा सकते हैं और विश्वविद्यालय के कर्मचारी एवं स्वयंसेवक इस नेक पहल में हमेशा आगे रहते हैं।

# सभी गांवों में दिया जाएगा खेलों का सामान, जिम खोलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद नवीन जिंदल ने सांसद खेल प्रतियोगिता के दौरान घोषणा करते हुए कहा कि संसदीय क्षेत्र कुरुक्षेत्र के सभी गांवों में युवाओं के शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए खेलों का सामान दिया जाएगा और सभी गांवों में जिम भी खोले जाएंगे। इस कार्य को एक साल में पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा जिन गांवों में स्टेडियम बने हुए उनका सुधार करते हुए खेलों के सामान और कोचों का प्रबंध किया जाएगा। इससे से अगले साल का सांसद खेल महोत्सव और भी बेहतर होगा। सांसद नवीन जिंदल शुक्रवार को द्रोणाचार्य खेल स्टेडियम में सांसद खेल प्रतियोगिता के पहले फेज के खेलों का शुभारंभ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सांसद नवीन जिंदल, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सांसद खेल प्रतियोगिता का ध्वजारोहण और ट्राफी का अनावरण

- सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सांसद खेल प्रतियोगिता ट्रॉफी का किया अनावरण




### नशे से दूर रहने की दिलवाई शपथ

कार्यक्रम के दौरान बॉक्सर मनोज कुमार के नेतृत्व में मार्च पास्ट किया गया। सांसद नवीन जिंदल ने रस्साकस्सी और 100 मीटर दौड़ के साथ प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। इससे पहले सांसद नवीन जिंदल ने युवाओं को नशे के दूर रहने और दूसरों का नशा छुड़ाने की शपथ दिलवाई। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन 3 चरणों में किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं के लिए 3.3 लाख खिलाड़ियों ने पंजीकरण करवाया है। पहले चरण का शुभारंभ आज से किया गया है, जो 22 नवंबर तक चलेगी। दूसरे फेज की प्रतियोगिताएं 1 दिसंबर से 6 दिसंबर तक चलेगी। इसी तरफ तीसरे फेज की प्रतियोगिताएं 14 दिसंबर से 24 दिसंबर तक चलेगी। इन प्रतियोगिताओं का समापन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 25 दिसंबर को किया जाएगा।



### खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक : काला आहूजा

**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष में खेल दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 450 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि काला आहूजा जी और स्कूल प्रिंसिपल डॉ. आर. एस. घुम्मन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं गुबारों को उड़ाकर कर किया गया। मुख्य अतिथि काला आहूजा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ खेल-कूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को लगातार प्रयास करने, टीमवर्क अपनाने और आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल डॉ. घुम्मन ने बाल दिवस का महत्व बताते हुए देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और बच्चों के प्रति उनकी प्रेम भावना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न मनोरंजक और कौशल आधारित प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्सव को यादगार बना दिया। बच्चों ने बाल रेस, बैग रेस, टैग रेस, लेमन रेस सहित कई खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम**

**ग्यारहवां पुरस्कार (इलैक्ट्रिक कैटल-100 नग)**

❖ रणधीर सिंह सुपुत्र श्री सूरत सिंह, गांव लहराड़ा, सोनीपत ❖ यशपाल शर्मा पुत्र श्री बारू राम, 317/3, धर्मबीर कॉलोनी, घरौंडा, करनाल ❖ सरिता धर्मपत्नी श्री विनोद कुमार, प्रगति नगर, गली नं.-2, सोनीपत ❖ श्री जगदीश सुपुत्र रामभजन प्रजापति, वार्ड नं. 10, महम, रोहतक ❖ श्री पवन कुमार सुपुत्र श्री सूरज भान वर्मा, गोपाल कॉलोनी, नीयर पुराना सदर थाना, रोहतक ❖ राम सिमरो धर्मपत्नी श्री जुगल किशोर, मं नं. 2700/15, पंचकूला ❖ दक्ष सुपुत्र श्री खुशी राम गांव व डा. कुराड़, सोनीपत ❖ क्रिश सुपुत्र श्री राजकुमार 46 अनिल नगर, सोनीपत ❖ विरेन्द्र सिंह यादव सुपुत्र श्री जगराम यादव, गांव पुन्सिका, मनेठी, रेवाड़ी ❖ नरेश कुमार सुपुत्र श्री ताराचंद पाली रेवाड़ी मनेठी ❖ गुलशन कौर धर्मपत्नी श्री बृजपाल सिंह, सरदार आटा चक्की, पुल बाजार, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शैकिन दत्त सुपुत्र श्री राम निवास, विशाल नगर, गली नं. 2, सोनीपत ❖ नीरू सचदेवा पत्नी श्री पंकज सचदेवा, गांव बरसत, घरौंडा, करनाल ❖ पार्थ सुपुत्र श्रीमान प्रमोद ❖ रजनी सुपुत्री श्री रणबीर सिंह, ककरोई, सोनीपत ❖ गर्वित पाराशर सुपुत्र श्री विरेन्द्र पाराशर, गांव खाण्डा, खरखौदा, सोनीपत ❖ नरेन्द्र पुत्र श्री भीम सिंह मैन बाजार नजदीक पुराना थाना, जुलाना, जीन्द ❖ चान्दराम सुपुत्र श्री देई चन्द, वार्ड नं. 9 जुलाना मण्डी, जीन्द ❖ रीना धर्मपत्नी सुखपाल सिंह चौहान, सिद्धार्थ कॉलोनी, बहालगढ़ रोड़, सोनीपत ❖ हीना सहरावत धर्मपत्नी श्री अंकित सहरावत ❖ शमशेर पुत्र श्री फूल सिंह, जै जैवन्ती, जुलाना, जीन्द ❖ प्रियंका धर्मपत्नी श्री राजकुमार, 46 नजदीक रामा मेडिकल स्टोर, अनिल नगर, सोनीपत ❖ श्री भगवान भटनागर सुपुत्र श्री लाल चन्द भटनागर, प्रगति नगर, गली नं. 2, सरोहा हाउस के सामने छोटू राम चौक, सोनीपत ❖ हिमाशुं सुपुत्र श्री लोकेश, वस्त्रम नगर, गली नं. 10, सोनीपत ❖ प्रीति मिश्रा धर्मपत्नी परतव उपाध्याय, गली नं. 7, रिषी कॉलोनी, सोनीपत ❖ श्री पंकज सुपुत्र श्री अशोक कुमार, पटेल नगर, रेलवे रोड, जींद ❖ विकास सुपुत्र श्री गुरदास गांव जुलाना वार्ड नं. 6 जीन्द ❖ झलक सुपुत्री श्री राजकुमार, म. नं. 46, कुम्हार गेट, अनिल नगर, सोनीपत ❖ अंजु धर्मपत्नी दीपक रावत, 19/9, न्यू सब्जी मण्डी, सोनीपत ❖ सोनिया धर्मपत्नी श्री मनोज कुमार 27/10, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सचिन वधवा, मं नं. ई 205, राम गली, करनाल ❖ अनिता चुरानी, 2700 FF सेक्टर -15, पंचकूला ❖ गुजरी देवी, धर्मपत्नी रोहतास मलिक, फैमिना टेलर, रेलवे रोड, सफीदों, जीन्द ❖ गुलाब सिंह धर्मपत्नी श्री टेक राम, बुढ़ा खेड़ा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ जगबीर सुपुत्र श्री बनवारी लाल, अकालगढ़, जुलाना, जीन्द ❖ सुखबीर सिंह सुपुत्र श्री रंगराव, गांव पलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ जय किशन सुपुत्र श्री डालचन्द, हमायुंपुर, मातनहेल, झज्जर ❖ कविता धर्मपत्नी श्री अशोक हथवाला, जुलाना, जीन्द ❖ श्री पवन कुमार वधवा, फैंसी मेन बाजार, कलधा हाउस, कलानौर, रोहतक ❖ श्री सचिन सुपुत्र कृष्ण, गांव व डा. खरावड़, तह. सांपला, रोहतक ❖ श्री जगवंती गांव व डा. बोहर, रोहतक ❖ लक्ष्मी नारायण सुपुत्र श्री जय नारायण, म. नं. 2620 अर्बन स्टेट, सैक्टर 10, जीन्द ❖ वेदपाल सुपुत्र श्री धर्मबीर, गांव सुबाना, झज्जर ❖ राजेश हेयर ड्रेसर सुपुत्र जय सिंह, भानू भाई फैक्ट्री, झज्जर ❖ सुनिधी पुत्री श्री सतपाल, गांव अमादलपुर, माछरौली, झज्जर ❖ हीरालाल रोहिला सुपुत्र श्री रामपाल, गांव रैईया, बखावरपुर, झज्जर ❖ सतबीर सिंह पुत्र श्री उदयराम, मॉडल टाउन, झज्जर ❖ धरेश कुमार सुपुत्र श्री प्रताप चन्द म. नं.31/11, मौहल्ला लाल कहानिया, झज्जर ❖ रामरत्तन एक्स सर्विसमैन पुत्र श्री मथुरा दास, गांव बेरी वार्ड नं. 1, झज्जर ❖ मनमोहन सिंह सुपुत्र श्री ओमप्रकाश, प्राणपुरा, वार्ड नं. 5, नारनौल, महेन्द्रगढ़

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## खबर संक्षेप

### स्कूल में ट्रेड फेयर का आयोजन

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा 11वीं एवं 12वीं कॉमर्स विभाग द्वारा भव्य ट्रेड फेयर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के आकर्षक स्टॉल लगाए, जिनमें दही भल्ले, पापड़ी चाट, गोलगप्पे, मिल्क शेक, मंचूरियन, हॉट डॉग, सैंडविच, मोजीतो, बर्गर, फ्रेंच फ्राइज, पाव भाजी सहित कुल 20 स्टॉल शामिल थे।

### तंबाकू मुक्त अभियान का शुभारंभ

**बराड़ा।** लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का शुभारंभ किया गया। यह राष्ट्रीय अभियान युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाने तथा शैक्षणिक परिसरों को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक जगवीर सिंह ने किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने अपने संबोधन में कहा कि तंबाकू का सेवन युवाओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है।

### कॉलेज में वंदे मातरम का गायन किया

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में एनसीसी सीनियर विंग व एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने पूर्ण श्रद्धा और देशभक्ति के साथ भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के स्वाधीनता संग्राम की आत्मा है। इसके ऐतिहासिक महत्व को समझना युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### महानिदेशक ने किए मां भद्रकाली के दर्शन

**कुरुक्षेत्र।** मां भद्रकाली शक्तिपीठ कुरुक्षेत्र में दिल्ली से संचार विभाग से डाक महानिदेशक जितेंद्र गुप्ता अपनी धर्म पत्नी के साथ माँ भद्रकाली जी का आशीर्वाद लेने पहुंचे। उनके साथ हरियाणा डाक परिमंडल के पोस्टमॉस्टर जनरल सचिन किशोर , निदेशक राधिका धीर भी साथ थे। सर्वप्रथम उपाध्यक्ष व टीम शक्तिपीठ द्वारा उनका अभिनन्दन व पुष्प गुच्छ स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने पावन- पवित्र शक्तिस्थल श्रीदेवीकूप पर माँ की विधिवत पूजा की व माथा टेका। पीठाध्यक्ष .सतपाल शर्मा ने माँ की लाल चुनरी व पुष्पमाला से सभी का भव्य स्वागत - सत्कार किया।

### लिटिल मिलेनियम स्कूल में मनाया बाल दिवस

**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम स्कूल, सेक्टर-3 में बाल दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह बच्चों का स्कूल वैन में रंग-बिरंगे गुब्बारों और संगीत से सजे माहौल में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्कूल पहुँचने पर भी विद्यार्थियों का फूलों और सुंदर सजावट से सजे कक्षाओं में स्वागत हुआ। पूरे विद्यालय को बाल दिवस थीम पर सजाया गया था, जिसने वातावरण को और भी आनंदमय बना दिया। बच्चे विभिन्न आकर्षक परिधानों में विद्यालय पहुँचे। किसी ने पारंपरिक और रंगीन ड्रेस पहनी, तो किसी ने सांस्कृतिक वेशभूषा।

### डीएलएसए द्वारा हेल्प डेस्क लगाए गए

**थानेसर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 13 दिसंबर 2025 को होने वाली लोक अदालत के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु पिहोवा न्यायालय, लेबर चौंक एवं पिहोवा बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि डेस्क के माध्यम से समिति पिहोवा के पीएलवी 13 दिसंबर को होने वाली लोक अदालत के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

### चुनाव में प्रेजिडेंट पद के उम्मीदवार ने पूरी प्रक्रिया पर उठाए सवाल, बोले

# अंबाला क्लब के चुनाव में धांधली का आरोप लगा 45 सदस्यों का दल उपायुक्त से मिला

- पूरे चुनाव को रद करवाने के लिए राजेश तलवार के साथ क्लब के 45 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी अजय सिंह तोमर को एक शिकायत भी दी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

अंबाला शहर के प्रतिष्ठित अंबाला क्लब के चुनाव को लेकर एक बार चुनौती दी गई। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रहे राजेश तलवार ने पूरे चुनाव को गैरकानूनी व अंसवैधानिक करार दिया है। पूरे चुनाव को रद करवाने के लिए राजेश तलवार के साथ क्लब के 45 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी अजय सिंह तोमर को एक शिकायत भी दी है। ज्यादातर सदस्यों का आरोप है कि अफसरों के दबाव में अंबाला क्लब के चुनाव में खेल हुआ है। योजनाबद्ध तरीके से एक ग्रुप के सभी सदस्यों को बिना चुनाव लड़े विजेता घोषित कर दिया गया है जबकि सभी पदों के लिए नामांकन दाखिल करने वाले विपक्षी उम्मीदवारों के आवेदन को नियमों का हवाला देकर खारिज कर दिया गया है।

अंबाला क्लब के पुराने सदस्यों में शामिल राजेश तलवार ने कहा कि पिछले 10 साल से राजनैतिक हस्तक्षेप की वजह से अंबाला क्लब बर्बाद हो गया। इसी वजह से ज्यादा वरिष्ठ सदस्य व उनके परिवारों ने यहां आना ही छोड़ दिया। क्लब के ही कुछ सदस्य इसे निजी संपत्ति की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। अंदर खाते क्लब को आर्थिक तौर पर खोखला किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंबाला क्लब से जुड़े शासकीय अधिकारियों ने 25 अक्तूबर 2025 को आनन फानन में नए नियम थोप कर चुनावी प्रक्रिया संपन्न करवा दी। जबकि साजिश के तहत क्लब सदस्यों की सहमति के बिना ऐसे नियम लागू कर दिए गए जिसके तहत कोई भी वह सदस्य चुनाव नहीं लड़ सकता जिसने भविष्य में क्लब का कोई चुनाव न लड़ा हो। तलवार ने कहा कि ऐसे में तो ज्यादातर सदस्य चुनाव ही नहीं लड़ सकते। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से गैरकानूनी व असंवैधानिक है।



**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते अंबाला क्लब के सदस्य राजेश तलवार व अन्य।

#### पुराने नियमों के आधार पर दोबारा क्लब के चुनाव करवाए जाएं

तलवार ने कहा कि पूरे चुनाव की प्रक्रिया को लेकर हम डीसी के समक्ष ऐतराज जता चुके हैं। चूंकि डीसी क्लब का चेयरमैन इस लिए हमारी ओर से यह आग्रह किया गया कि है गैरकानूनी प्रक्रिया से क्लब प्रेजिडेंट व दूसरे पदों पर आसीन सदस्यों को तुरंत हटाकर पुराने नियमों के आधार पर दोबारा क्लब के चुनाव करवाए जाएं। ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजेश तलवार ने पूरी चुनावी प्रक्रिया में तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफिसर व बिना चुनाव लड़े प्रेजिडेंट बने उम्मीदवार की नीयत पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अप्रूव्यड नियमों 2016 बजाए क्लब के नए नियमों का हवाला देकर उसका नामांकन कैंसिल किए गए। इसी वजह से दूसरे ग्रुप के सभी पदाधिकारी बिना चुनाव लड़े ही विजेता घोषित कर दिए। उन्होंने ने कहा कि यहां तो वोट चोरी की बजाय पूरा चुनाव ही चोरी हो गया।

#### इन्हें चुनौती दी

इस मामले को चुनौती देने वाले एडवोकेट आदित्य वर्मा ने कहा कि क्लब के चुनाव को लेकर अभी डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटीज अंबाला में चुनौती दी गई है। इसमें अंबाला क्लब के सचिव, रिटर्निंग अधिकारी आदित्य रंगा, प्रेजिडेंट, सचिव, संयुक्त सचिव,कैशियर व सभी कार्यकारिणी सदस्यों को भी पार्टी बनाया गया है। वर्मा ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में नियम तोड़े गए इसलिए यह गैरकानूनी चुनाव है। एडवोकेट वर्मा ने कहा कि दायर पिटीशन में डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार ऑफ फर्म एंड सोसायटीज से 20 अक्तूबर 2025 को संपन्न हुई चुनावी प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगाने का आग्रह किया गया है। पिटीशन में हमने अंबाला क्लब की संपन्न चुनावी प्रक्रिया को फ्रॉड करार दिया है। साथ ही प्रक्रिया को असल इंसाफ के साथ धोखा बताया है।

## बिहार में एनडीए की जीत ऐतिहासिक, मनाई खुशी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़**

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पत्नी सुमन सैनी ने कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, उनके दूरदर्शी निर्णयों, जनकल्याणकारी योजनाओं और सबका साथ-सबका विकास की नीति में जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि बिहार का चुनाव परिणाम यह साबित करता है कि देश की जनता विकास, पारदर्शिता, राष्ट्रीय सुरक्षा और मजबूत नेतृत्व चाहती है। उन्होंने कहा कि भारत में युवा, किसान, महिला, व्यापारी और आम नागरिक एक ऐसी सरकार के साथ खड़ा है जिसने सिर्फ वादे नहीं बल्कि काम करके दिखाया है। सैनी ने कहा कि एनडीए की यह जीत विरोधियों की राजनीति और नकारात्मक सोच के खिलाफ जवाब है। उन्होंने कहा कि देश आज आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है और बिहार का यह जनादेश उस दिशा में एक और मजबूत कदम है। इस अवसर पर लड्डू बांटे गए और जयकारों के साथ जीत का जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए नेताओं के समर्थन में नारे भी लगाए। उन्होंने अंत में कहा कि यह जीत सिर्फ राजनीतिक विजय नहीं बल्कि जनता, लोकतंत्र और राष्ट्रहित की विजय है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी , जगपाल सैनी, हनीश सैनी, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, नंबरदार सुरेश पाल, मार्केट कमेटी चेयरमैन नरेन्द्र राणा , जगदीप कौर, धर्मवीर गुर्जर, केहर सिंह सैनी, नपा सदस्य सिंपी गेरा, राजू मक्कड़, संजीव कौशिक, प्रवीण धीमान, मंगू राम कंजाला, बीडीसी मेंबर दीप चंद सैनी, संजीव गुर्जर, नेब सैनी, रणधीर सैनी, संजीव सैनी संगरानी, प्रीतपाल कौर मक्कड़, मंजू कौशिक, जय भगवान तथा सोमनाथ शर्मा मौजूद रहे।

## फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे छात्रों ने दिखाई प्रतिभा, जमकर की मस्ती

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के नर्सरी विंग में चिल्ड्रन डे पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर बच्चों ने अलग-अलग थीम पर अपनी प्रस्तुति दी। जहां कुछ बच्चों ने फूल ,बटरफ्लाई, परी, मून पर अपने प्रस्तुति दे कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया तो वहीं कुछ बच्चों ने सेव वाइल्ड लाइफ ,सेव ट्रीस, सेव अर्थ , सेव वाटर के थीम लेकर अपनी प्रस्तुति दी। कुछ बच्चे ने यूज डस्टबिन, यूज़ हेलमेट, मोबाइल फोन के नुकसान, हेल्दी एंड जंक फूड पर अपनी प्रस्तुति दी और बच्चे बहुत सुंदर-सुंदर प्रॉप भी बना कर लाए । बच्चे ग्रेट पर्सनालिटी ऑफ इंडिया की वेशभूषा में आए, कुछ स्वतंत्रता सेनानी बनकर आए ,झांसी की रानी बनकर आए। बच्चों ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर का हिस्सा लिया। उनका जोश और उत्साह देखते ही बनता था । इस अवसर पर बच्चों ने पार्टी फूड का भरपूर लुत्फ उठाया । बच्चों ने म्यूज़िकल चेयर गेम को बहुत एंजॉय किया। बच्चे अपने फेवरेट कार्टून डोरेमोन को देख कर बहुत खुश हुए। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की बहुत ज्यादा सराहना की। बच्चे भविष्य में भी इसी तरह से हर प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और हमेशा हंसते और मुस्कुराते रहें।



**अंबाला।** फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में शानदार प्रस्तुतियां देते छात्र।

## बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर भाजपा का जश्न

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली प्रचंड जीत का जश्न जोर-शोर से मनाया गया। अंबाला ्हर में यह जश्न बेहद भव्य और उत्साहपूर्ण नजर आया। पूर्व मंत्री असीम गोयल के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एकत्र हुए और जीत का उल्लास ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच मनाया। भाजपा जिला कार्यालय अंब कमल में कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटे और पटाखे चलाकर जश्न मनाया। असीम गोयल ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि अब ये टीम बनाकर पोगो चैनल खोलेंगे। उन्होंने कहा कि अब ये वोट चोरी का नहीं बल्कि लुप्त होती कांग्रेस को ढूंढने का अभियान चलाएंगे।

गोयल ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, विकास की राजनीति और एनडीए के नेतृत्व पर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत न सिर्फ बिहार की, बल्कि पूरे देश में भाजपा की बढ़ती स्वीकार्यता का प्रमाण है। बिहार की मातृशक्ति ने,बिहार की सूझवान जनता ने एनडीए को चुनकर विकास को चुनने का कार्य किया है। बिहार के नतीजे इस बात की पुष्टि करते हैं कि देश विकास चाहता है, स्थिर सरकार चाहता है और प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प पर भरोसा करता है।



**अंबाला।** कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व अन्य।

#### मेहनत रंग लाई

भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने कहा कि बिहार में जहां भाजपा के एक एक कार्यकर्ता ने अपना दायित्व खूब निभाया वहीं बिहार के पटना जोन में प्रचार की कमान संभाल रहे असीम गोयल की मेहनत खूब रंग लाई। राणा ने कहा कि जिन सीटों पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रचार किया वहां भी पार्टी प्रत्याशियों को जीत मिली। उन्होंने इस जीत को लेकर सभी भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

#### विपक्षी नेता अब हार का ठीकरा एसआईआर के सिर पर फोड़ रहे : गोयल

गोयल ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले चुनावों में भी इसी जोश और एकजुटता के साथ भाजपा और बड़ी जीत दर्ज करेगी। इस दौरान उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, जिलाध्यक्ष मनदीप राणा,मनीष आनंद, गुरविंदर सिंह,संजीव गोयल,गुरजंट सिंह,दिनेश लदाना,जसविंदर सिंह,अमन सूद,राजेश मेहता,मोनिका मल,शोभा पुनिया,सरदूल सिंह,संजय सेठी,शेर सिंह,अभय जैन,मुकेश शर्मा,गुरचरण सिंह,रोमी ग्रोवर,अर्चना छिब्बर , जिला परिषद के चेयरमैन मक्खन सिंह लबाना व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि बिहार चुनाव में हार के बाद विपक्षी नेता अब हार का ठीकरा एसआईआर के सिर पर फोड़ रहे हैं। इस सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए असीम गोयल ने विपक्षी नेताओं को खूब लपेटा। उन्होंने कहा कि एसआईआर पर विधवा विलाप कर रहे विपक्षियों में आधे से ज्यादा को तो इसकी फुल फॉर्म भी नहीं जानते।

## हथीरा में मनाया बाल दिवस

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा में बाल दिवस मनाया गया जिसमें सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीआरसी हथीरा से मदनपाल व हिंदी प्रवक्ता डॉ वीरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, कहानी, कविता गीत व नृत्य प्रस्तुत किया तथा साथ ही स्टाफ सदस्यों को ड्राइंग, पेंटिंग्स करके प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर आज निपुण हरियाणा एप पर सभी कक्षाओं बच्चों के स्क्रीनिंग टेस्ट किया गया जो कि आज व कल दो दिवसीय विभागीय गतिविधियां हैं। मुख्य शिक्षक सूबे सिंह सुजान ने बताया कि आज बच्चों ने रंग बिरंगी पौशाकों में व रचनात्मक कार्यों को करके बाल दिवस मनाया यह अवसर बच्चे के मानसिक विकास को सकारात्मक दिशा देने का है जिससे बच्चों में अपनी संस्कृति, एकता, समानता के गुण पिरोकर उन्हें एक स्वस्थ नागरिक बनाया जाए।

## नन्ही प्रतिभाओं को मिला मंच

**कुरुक्षेत्र।** सोशल ऑर्गेनाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह की शैक्षणिक इकाई सफलता मंत्र के तत्वावधान में शुक्रवार को रॉयल आर्यन शिक्षा निकेतन स्कूल, कैलाश नगर में बाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी पुष्पा कंसल ने बताया कि समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बाल दिवस की महत्ता पर रोचक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। स्कूल प्रिंसिपल राकेश गेरा ने स्टाफ सहित समूह संरक्षक जितेंद्र बंसल, उपाध्यक्ष अनुज गौड़, मुख्य वक्ता गुलशन ग्रोवर और सदस्य फकीर चंद शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य वक्ता गुलशन ग्रोवर ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बच्चों के प्रति स्नेह स्वरूप ही 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है।

## नियमों की धज्जियां उड़ा रही स्कूल की 35 बसों के पुलिस ने किए चालान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी के तहत शुक्रवार को भी पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर 148 बसों की जांच की गई और खामियां पाए जाने पर 35 बसों के मौके पर ही चालान किए गए। अभियान के दौरान यातायात पुलिस को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पुलिस ने बसों में फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स, स्पीड गवर्नर, फिटनेस सर्टिफिकेट, बस चालक के सत्यापित दस्तावेजों आदि की गहनता से जांच की। जांच के दौरान 35 बसों में सुरक्षा का उल्लंघन पाया गया। यह कार्रवाई सिटी यातायात एसएचओ के नेतृत्व में की गई, जिन्होंने अपनी टीमों सहित विभिन्न स्कूल मार्गों पर लगातार निगरानी रखी। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। किसी भी स्कूल बस में सुरक्षा मानकों की अनदेखी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया बाल दिवस समारोह

# अध्यापिकाओं ने एक्शन डांस से वातावरण में भरी ऊर्जा, खिलखिलाहट से बदली फिजा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में बाल-दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ विभिन्न विंग्स में मनाया गया। नर्सरी से द्वितीय कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए पपेट शो, डांस एवं एक्शन गीत, तथा हंसी-खुशी से भरी रिडल्स की गतिविधियां आयोजित की गईं। अध्यापिकाओं द्वारा प्रस्तुत एक्शन डांस ने पूरे वातावरण में ऊर्जा और खिलखिलाहट बिखेर दी। कार्यक्रम के उपरांत नन्हे बच्चों में केक बट ऑफिस बांटी गई।

कोऑर्डिनेटर अमिता अरोड़ा ने अपने स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन से बच्चों और शिक्षिकाओं दोनों का मनोबल उंचा किया। कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए मनमोहक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न पात्रों व कॉर्टून कैरेक्टर्स का रूप धारण कर सुंदर, प्रेरणादायी और सकारात्मक संदेश प्रस्तुत किए।

कोऑर्डिनेटर वंदना सोढी ने बताया कि प्राथमिक विंग के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और आत्मविश्वास के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लेकर सभी का हृदय जीत लिया। कोऑर्डिनेटर सुदेश शर्मा ने अभिभावकों व अध्यापकों द्वारा किए गए सकारात्मक प्रयासों की खुले दिल से सराहना की। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए स्टैंड-अप कॉमेडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने कक्षागत स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और प्रथम तीन चयनित विद्यार्थी अगले स्तर पर अपनी प्रस्तुति देंगे। गौरी वंदना तथा मंजू सचदेवा ने बच्चों के उत्साह, उनकी प्रतिभा और सृजनशीलता की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने बाल-दिवस के अवसर पर संदेश देते हुए कहा कि बच्चे राष्ट्र की सबसे सुंदर रचना हैं। उनका निष्कपट हृदय, उनकी जिज्ञासा और सपनों की उड़ान ही भविष्य को उज्ज्वल बनाती है। हमारा लक्ष्य है कि हम हर बच्चे को सुरक्षित, संवेदनशील वातावरण प्रदान करें।



**अंबाला।** बाल दिवस पर आयोजित गतिविधि में हिस्सा लेते छात्र।

## महाराणा प्रताप विद्यालय में खेल उत्सव, नर्मदा सदन रहा प्रथम



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराणा प्रताप पब्लिक विद्यालय के प्रांगण में वार्षिक खेल उत्सव अत्यधिक हर्ष तथा ऊर्जा के साथ मनाया गया। विद्यालय का क्रीड़ांगण दुल्हन की तरह सजा। विद्यार्थियों ने फहराई उत्सव में अपने उत्साह की ध्वजा। अतिथियों के लिए स्वागत गीत, विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण, अतिथिगण द्वारा हवा में गुब्बारे छोड़कर क्रीडा उत्सव के प्रारंभ का शंखनाद करना, अनायास ही इन सब बिंदुओं ने खेल उत्सव को अत्यधिक आकर्षक बना दिया। इस शुभावसर पर विद्यालय स्तर पर अनेक खेलों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त जूनियर और सीनियर्स की 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर ,800 मीटर तथा रिले रेस का आयोजन आकर्षण के केंद्र बने।

वार्षिक उत्सव के परिणाम स्वरूप नर्मदा सदन प्रथम स्थान पर, यमुना सदन द्वितीय स्थान पर तथा कावेरी सदन तृतीय स्थान पर रहा।